Title: Need to provide more facilities at Faridabad railway station.

श्री रामचन्द्र बैंदा (फरीदाबाद) : महोदय, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लाखों की संख्या में रेल यात्री सफर करते हैं, परन्तु स्टेशन के रखरखाव और सफाई की स्थिति ठीक नहीं है। वहां पर रात्रि के समय प्रकाश, पीने का पानी, सफाई जैसी बुनियादी सुविधाएं भी न के बराबर हैं। वहां के एन.आई.टी. स्टेशन की हालत तो बहुत ही खराब है।

प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी की भी उचित व्यवस्था नहीं है। रेलवे स्टेशन के पश्चिम की ओर आरक्षण कक्ष में भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। वहां भी हर समय यात्रियों की भीड़ लगी रहती है।

पुराने फरीदाबाद रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर या अंडरब्रिज बनाने की मांग बहुत समय से चली आ रही है। मैंने इसे कुछ वर्ष पूर्व उठाया था, परंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

मैं आशा करता हूं कि सरकार इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करायेगी।